हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 शिवानी ने 96.4% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पाया




10 वेदांता स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



## सीबीएसई ने घोषित किया बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम: अनुशा 96.4 % अंक लेकर जिला टॉपर

# नॉन मेडिकल संकाय में इंडस पब्लिक स्कूल ने जिले में पाया अव्वल स्थान

कॉमर्स संकाय में आरूश मलिक 96.6 प्रतिशत अंक लेकर जिले में रहे द्वितीय

### कला संकाय में आशा ढुल 97.2 % अंक लेकर जिले में तृतीय



जींद। इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी अपने अध्यापकों के साथ खुशी मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर पूरे जींद जिले में शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराया है। बुधवार को सीबीएसई द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इंडस पब्लिक स्कूल जींद की नॉन मेडिकल संकाय में छात्रा अनुशा ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में आरूश मलिक ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। कला संकाय में आशा ढुल ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बताया कि स्कूल के 293 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी। जिसके अतंर्गत 10 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। 45विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 167विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विषयानुसार आठ विद्यार्थियों ने 100-100 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में आशा ढुल व खुशी ने 100-100 अंक, राजनीतिक शास्त्र में आशा ढुल ने 100 अंक, पेंटिंग में शौर्य ने 100 अंक और म्यूजिक में महक, प्रीत, अंजलि व नीकिता ने 100-100 अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक सुभाष श्योराण ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, अध्यापकों एवं प्राचार्या को बधाई दी। उन्होंने कहा कि धैर्य के साथ परिश्रम और हिम्मत निरन्तर सफलता के सूत्र हैं। इसलिए लगातार मेहनत के साथ आगे बढ़ कर जीवन में सफलता प्राप्त करनी चाहिए। स्कूल निदेशिका रचना श्योराण ने स्कूल के इस शानदार परीक्षा परिणाम पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे स्कूल के परीक्षा परिणाम लगातार बुलंदियों को छू रहे हैं। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों को स्वस्थ वातावरण और श्रेष्ठ मार्गदर्शन उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है और इस संकल्प को हमारा परीक्षा परिणाम सार्थक कर रहा है। उप प्राचार्य प्रवीन कुमार ने बच्चों को प्रेरणा देते कहा कि जीवन में मनुष्य की अनेक परीक्षाएं होती हैं, जो बच्चे सतत परिश्रम करने की आदत डाल लेते हैं, सफलता उनके कदम चूमती है।

### इंडस स्कूल के होनहार विद्यार्थी



छात्रा अनुषा



छात्रा आशा



छात्र आरूश मलिक।

### इंजीनियर बनना लक्ष्यः अनुषा

जींद। इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा अनुषा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नान मेडिकल संकाय में प्रथम स्थान हासिल किया। अनुषा ने बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहती है। इसके बाद यूपीएएसी क्लीयर कर आइएएस बनना चाहती है। स्कूल से आने के बाद वह सात से आठ घंटे पढ़ाई करती थी। पिता संजीव तायल इंडस ग्लोबल एकेडमी किनाना में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। मां कविता तायल गृहणी है। बड़ी बहन अनुश्री गोरखपुर से एमबीबीएस सेकेंडर इयर की छात्रा है और छोटा भाई आदविक सातवीं कक्षा में है।

### वकील बनना सपनाः आशा

इंडस पब्लिक स्कूल कीं कला संकाय में आशा ढुल ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किया। आगे चलकर वह ला की पढ़ाई करना चाहती है। स्कूल से आने के बाद वह घर पर पांच से छह घंटे पढ़ाई करती थी। पिता नरेंद्र कुमार राजकीय महिला कालेज में कार्यकारी प्राचार्य हैं। मां अंजू गृहणी है। बड़ी बहन अंजलि बीएससी सेकेंडर इयर में पढ़ाई करती है। छोटे भाई अभय प्रताप सिंह नौवीं कक्षा में इंडस पब्लिक स्कूल में पढ़ाई करता है।

## साइंस में 97% के साथ टीजल तथा कामर्स में 98.6 प्रतिशत लेकर तनवी बनी कैथल टॉपर

### 12वीं की परीक्षा में फिर से छाए ओएसडीएवी स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने बुधवार दोपहर को 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। जैसे ही विद्यार्थियों को परिणाम की सूचना मिली तो विद्यार्थी अपने अपने स्कूलों में पहुंच गए। विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की खुशी देखते ही बनती थी। इस परीक्षा परिणाम में भी कुल में से 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिले में इस बार सीबीएसइ में 5011 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें से से 4510 विद्यार्थी पास हुए। विज्ञान संकाय में ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल की छात्रा टीजल 97 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप किया। आरकेएसडी स्कूल के छात्र निखिल गर्ग ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय तथा ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल की छात्रा तान्या 95.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। इसके साथ ही कॉमर्स संकाय में भी ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल की तन्वी 98.6 प्रतिशत अंक के साथ जिले में प्रथम रही। इसके अलावा कला संकाय में दिल्ली पब्लिक स्कूल कैथल की छात्रा रीमा ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा ओएसडीएवी स्कूल की अस्मिता 96 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। वहीं कईं स्कूल अपने-अपने स्तर पर विद्यार्थियों को टॉपर बना रहे हैं जबकि सीबीएसइ की ओर से टॉपर की सूची जारी नहीं की गई है।

### जज बनना लक्ष्यः सिद्धिदात्री



महाराजा अग्रसेन कन्या वमावि की छात्रा सिद्धिदात्री ने आट्र्स संकाय में 97.6 % अंक हासिल किए। सिद्धिदात्री ने बताया कि जज बनना चाहती है। स्कूल से आने के बाद वह तीन घंटे तक पढ़ाई करती थी। पिता राम सिंह सैनी रिटायर्ड हेडमास्टर हैं और मां आनंद देवी गृहणी हैं। 10वीं कक्षा में स्कूल भी सिद्धिदात्री ने स्कूल में टॉप किया था।



टीजल



तनवी



अस्मिता

### डॉक्टर बनना लक्ष्य : टीजल

विज्ञान संकाय में जिला टॉपर रही ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा टीजल ने बताया कि उसने 500 में से 485 अंक के साथ 97 प्रतिशत अंक लिए। आरकेपुरम कॉलोनी निवासी टीजल के पिता व्यापारी हैं और माता गृहिणी है। परिवार में भाई और बहन है। उसने बताया कि उसने स्कूल कभी भी मिस नहीं किया और सेल्फ स्टडी लगातार की है। उन्होंने सोशल मीडिया से अधिकतर दूरी बनाकर रखी। केवल कुछ समय के लिए ही मोबाइल का प्रयोग करती थी। उसका सपना एक बेहतरीन डॉक्टर बनने का है, ताकि वे गरीब मरीजों का इलाज कर पाएं।

### टीम लीडर बनना सपना : तनवी

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल की छात्रा तन्वी ने कामर्स संकाय में 500 में से 493 अंकों के साथ 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त जिले में टॉप स्थान हासिल किया। वह स्कूल समय के बाद करीब 4 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। परीक्षा की तैयारी के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी केवल पढ़ाई के लिए किया। तन्वी का सपना भविष्य में किसी बीमा कंपनी में प्रोफेशनल टीम लीडर बनने का है। सीवन की रहने वाली तनवी के पिता सरकारी अध्यापक हैं तथा मां बिजनेस से जुड़ी हुई हैं।

### आईएएस अधिकारी बनना लक्ष्य : अस्मिता

कला संकाय में जिला टॉपर रही ओएसडीएवी स्कूल की छात्रा का सपना आईएएस अधिकारी बनना है। रूद्रा कालोनी की रहने वाली अस्मिता ने 500 में से 480 अंक हासिल कर जिला टॉपर बनने का सपना हासिल किया। उनके पिता रिंकू कुमार जेबीटी अध्यापक तथा मां निशा गृहिणी हैं। भाई छोटा 10वीं में है। अस्मिता ने बताया कि स्कूल समय के अलावा प्रतिदिन 6 से 8 घंटे पढाई करती थी। अस्मिता ने कंप्यूटर साइंस और पालीटिकल में 100 तथा सोसोलॉजी में 98 अंक हासिल किए। उसने बताया कि सोशल मीडिया से दूर रही। केवल परीक्षा से पूर्व केवल दो माह ही ट्यूशन पढी। उसने बताया कि वह दिल्ली विवि से इकोनोमिक्स हॉनर करेंगी तथा साथ साथ में यूपीएससी की तैयारी करेंगी।

### डॉक्टर बनना सपना : निखिल गर्ग



आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के छात्र निखिल गर्ग ने मैडिकल संकाय में 500 में 478 अंकों के साथ 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वह जिले में द्वितीय रहे। जाखौली अड्डा कैथल के रहने वाले निखिल के पिता सुरेश कुमार एक दुकानदार हैं तथा मां गृहिणी हैं। निखिल ने बताया कि वह नीट की तैयारी और स्कूल का काम एक साथ करता था। उसने नीट भी क्लीयर कर लिया था लेकिन अब यह परीक्षा रद्द कर दी गई है। वह स्कूल समय के अलावा प्रतिदिन करीब 6 घंटे पढ़ाई करता था। वह सोशल मीडिया से दूर रहा। उसका सपना एमबीबीएस डॉक्टर बनने का है जो वह अवश्य पूरा करेगा।

## खबर संक्षेप

### भाई पर हमला कर किया घायल, केस

जींद। गांव दनौदा खुर्द में कहासुनी के चलते भाई ने भाई पर हमला कर घायल कर दिया। शिकायत के आधार सदर थाना नरवाना पुलिस ने आरोपित भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा खुर्द निवासी सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उसके भाई रघुवीर से जमीन को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर रघुबीर न उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर रघुबीर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर किया हमला चार के खिलाफ केस दर्ज

जींद। गांव भूरायण में रंजिश के चलते घर में घुस हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव भूरायण निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पड़ोसी रघुबीर परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते रघुबीर परिवार उनके घर में घुस आए और उसके पिता जयनारायण पर हमला कर दिया। जिसमें उसके पिता को काफी चोटें आई।

### महिला के पास फोन करने से रोका तो किया हमला

जींद। सदर थाना नरवाना इलाका गांव में महिला को बार-बार फोन करने का विरोध किया तो आरोपितों ने हमला कर दो भाइयों को घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का रवि उसकी भाभी के पास अलग-अलग नंबरों से कॉल कर फोन परेशान करता था। जिसका उन्होंने विरोध किया तो रवि गाली गलौज पर उतर आया। उसी दौरान उसके परिवार के अन्य लोग भी आ गए थे।

### एक वर्ष से फरार चल नशा तस्कर गिरफ्तार


जींद। पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपित गांव झांझ खुर्द निवासी अनूप को गिरफ्तार किया है। आरोपित को पुलिस ने बुधवार को अदालत में पेश कियाए जहां से उसे जेल भेज दिया। सदर थाना प्रभारी पीएसआई मनीष कुमार ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ पुलिस ने गांव मांडो खेड़ी निवासी सुभाष उर्फ बोस को एक किलो 75 ग्राम चरस से साथ 16 मई 2025 को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने सुभाष के खिलाफ सदर थाना पुलिस में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### फायरिंग कर जानलेवा हमला के आरोपी दबोचा

जींद। अलेवा थाना पुलिस ने जमीन विवाद के चलते मारपीट करने तथा फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के दस आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव दुड़ाना निवासी होशियार सिंह ने गत 12 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा तथा बेटी विदेश में रहते हैं। उसने गांव के मलकियत तथा बलजीत से जमीन खरीदी थी। शाम को बलजीत कुछ बदमाशों को लेकर खेत में पहुंचा और कब्जा करने की नियत से खेत मेड काटने लगा। उसी दौरान उसका भाई कुलदीप भी आ गया और का विरोध किया।

### दो पिस्तौल के साथ एक चढ़ा युवक पुलिस हत्थे

जींद। डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव अनुपगढ़ फ्लाईओवर के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ कर्मी रोहतक रोड पर गश्त कर रहे थे। अनुपगढ़ फ्लाईओवर निकट युवक खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिसकर्मियों को देख कर भागने लगा। पीछा कर काबू कर लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से दो पिस्तौल बरामद हुए।



## खराब मौसम में छत से उतर रहा व्यक्ति ट्रांसफार्मर पर गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोहाना रोड पर रधाना के निकट सीमेंट की दुकान की छत पर सोया व्यक्ति बीती रात तेज आंधी के चलते गद्दे समेत बिजली ट्रांसफार्मर पर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गठ। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलीगढ़ यूपी निवासी राजकुमार (32) गोहाना रोड पर गांव रधाना के निकट सीमेंट दुकान पर मजदूरी करता था। गर्मी होने कारण रात को वह अक्सर दुकान की छत पर सोता था। बीती रात भी वह छत पर सोया हुआ था। रात को मौसम खराब होने के कारण तेज हवा के साथ बूंदाबांदी भी होने लगी। आशंका जताई जा रही है कि मौसम बिगडने के कारण राजकुमार अपना गद्दा उठा कर नीचे उतरने की कोशिश कर रहा था। तेज हवा के कारण उसका बैलेंस बिगड़ गया। जिस पर वह बगल की फैक्टरी के बिजली ट्रांसफार्मर पर जा गिरा और करेंट लगने से मौत हो गई। नजदीक ही गद्दा पड़ा हुआ था। घटना का सुबह उस समय पता चला, जब सीमेंट दुकान को मालिक दुकान पर पहुंचा और वह खुली नही मिली। जब उसने छत पर जाकर देखा तो राजकुमार फैक्टरी में लगे ट्रांसफार्मर के साथ पड़ा हुआ था। दुकान मालिक अशोक ने बताया कि राजकुमार लगभग सात-आठ साल से दुकान पर कार्य कर रहा था। रात को दुकान पर सोता था। रात को मौसम खराब होने के कारण छत से उतरते समय वह बगल की फैक्टरी के ट्रांसफार्मर पर जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामले की जांच जारी

सदर थाना की जांच अधिकारी राजेश कुमारी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्ट के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## गांव मोरखी में ओलावृष्टि से गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते रातभर आकाश में बादलो की गरर्जना चमक के साथ कहीं-कहीं हलकी बूंदाबांदी हुई। वहीं पिल्लूखेड़ा खंड के मोरखी गांव में ओलावृष्टि हुई। बुधवार सुबह भी ठंडी हवाओं के साथ हलकी बूंदाबांदी हुई। इसके बाद सूर्य देवता ने दर्शन दिए तो दिनभर गर्मी बनी रही। बुधवार को अधितम तापमान 39 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 30 प्रतिशत तथा हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में बादलवाई देखने को मिलेगी। हवा के साथ धूल उडने की संभावना है। तापमान में इजाफा होगा। रातभर गरजे बादल, मोरखी में ओलावृष्टि, सुबह बूंदाबादी, दिन मे गर्मी मंगलवार रात आकाश में गहरे बादल छाए और बादलों की गरज तथा चमक भी होती रही। इस दौरान कहीं-कहीं हलकी बूंदाबांदी भी हुई। गांव मोरखी में ओलावृष्टि हुई। बुधवार को दिन को आगाज आकश में छाए बादलों तथा बूंदाबांदी के साथ हुआ।



### तापमान में इजाफा होगा

सुबह मौसम सुहाना बना रहा। दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो गया और हवा का मिजाज भी गर्म हो गया। जिसके चलते दिन का तापमान 39 डिग्री तक जा पहुंचा। हवा की गति में भी उतार चढ़ा बना रहा। जिससे लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। आकाश में बादलवाई दिखाई भी दिखाई देगी। हवा के साथ धूल उडने के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। तापमान में इजाफा होगा।

### नागरिक अस्पताल की लैब और इमरजेंसी में लगे एसी

जींद। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में कार्यरत स्टाफ व उपचार के लिए आने वाले मरीजों को गर्मी का सामना नही करना पड़ेगा। अस्पताल प्रशासन द्वारा इमरजेंसी वार्ड में नए एसी लगवाए गए हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से इमरजेंसी और लैब के लिए कुल आठ एसी उपलब्ध करवाए गए थे। इनमें तीन एसी लैब में जबकि पांच एसी इमरजेंसी वार्ड में लगाए गए हैं। एसी लगने के बाद मरीजों व स्टाफ की उपचार के दौरान परेशानी कम होगी। इमरजेंसी में बिना एसी के काम करना स्टाफ के लिए चुनौतीपूर्ण गर्मी के मौसम में इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।

### किशनगंज के पास रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य के चलते रद्द थी रेलगाड़ी, मिली राहत

# दिल्ली रूट पर चलने वाली छह में से पांच पैसेंजर ट्रेन बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किशनगंज के पास रेलवे ट्रेक पर मरम्मत कार्य के चलते गत पांच मई से 14 मई तक जींद से दिल्ली रूट पर चलने वाली छह में से पांच पैसेंजर ट्रेनें अपने निर्धारित रूट पर चल पड़ी हैं। जिससे यात्रियों को राहत मिली है। ट्रेनों के रद्द रहने के कारण पिछले दस दिन से यात्री बसों में यात्रा करने को मजबूर थे। बसों में जींद से रोहतक का किराया 80 रुपये और दिल्ली का किराया लगभग 170 रुपये है। वहीं पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों को रोहतक जाने के लिए 20 रुपये और दिल्ली जाने के लिए 35 रुपये किराया लगता है। ट्रैक पर मरम्मत के चलते आठ ट्रेन दिल्ली की बजाय शकूरबस्ती से लौट रही हैं। ट्रेन नंबर 54031 दिल्ली-जींद ट्रेन शुक्रवार को ट्रैक पर लौटेगी। वहीं ट्रेन नंबर 54032 जींद-दिल्ली ट्रेन, 54033 दिल्ली-नरवाना ट्रेन, 54034 जींद-दिल्ली, 54035 दिल्ली-जाखल व 54036 जाखल-दिल्ली ट्रेन जो रद्द थी, उनका संचालन सुचारू रूप से जारी हो गया है। वहीं ट्रेन नंबर 12481 श्रीगंगानगर इंटरसिटी, 12482 श्रीगंगानगर इंटरसिटी, 64912 जींद-न्यू दिल्ली, 64915 न्यू दिल्ली-जींद, 14023 दिल्ली-कुरुक्षेत्र, ट्रेन नंबर 14024 कुरुक्षेत्र-दिल्ली, 64931 दिल्ली-जींद और 64932 जींद-दिल्ली ट्रेन पहले की तरह शकूरबस्ती की जगह दिल्ली तक चलेंगी। जींद से दिल्ली रूट पर हर रोज काफी संख्या में यात्री सफर करते हैं। जिसमें व्यापारी, कर्मचारी व विद्यार्थी शामिल हैं। इन दिनों में ट्रेन रदए डायवर्ट या रद्द रहने से यात्रियों को अपने निर्धारित जगह पर जाने के लिए पहले की तरह ट्रेन में ही सफर कर पाएंगे। किराये के साथ-साथ बसों में यात्रियों को भारी भरकम सामान के साथ सफॅर करने में मुश्किल होती है। जबकि पैसेंजर ट्रेन में एक ओर जहां यात्रियों का किराया कम लगता है।



### अपने निर्धारित रूट से चलेंगी ट्रेने

सीपीआरओ नई दिल्ली अजय ने बताया कि पांच से 14 मई तक किशनगंज स्टेशन के पास मरम्मत का कार्य होना है। जिससके कारण कुछ ट्रेन रद्द हैं तो कुछ ट्रेनों को शकूरबस्ती तक चलाया जा रहा है। जो छह पैसेंजर ट्रेन रद्द थी, उसमें से पांच ट्रेन चल पड़ी हैं और एक ट्रेन शुक्रवार से चल पड़ेगी। जैसे ही मरम्मत कार्य पूरा होगा तो ट्रेनों का संचालन पहले की तरह अपने निर्धारित रूट से शुरू कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अग्रसेन स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**जींद।** सीबीएसई द्वारा 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष तीनों संकाय से 135 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। अग्रसेन स्कूल कॉमर्स संकाय से रिया पुत्री आनंद ने 98 प्रतिशत अंक लेकर जिलास्तर पर प्रथम स्थान, आर्ट संकाय से सिद्धिदात्री पुत्री राम सिंह ने 97.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स से अक्षिता पीयूष गुप्ता ने 92.4: विद्यालय में द्वितीय स्थान, अवनी गर्ग पुत्री राजेश गर्ग ने 91.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्ट संकाय से तनु ने 94.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, सान्या ने 91.6 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेडिकल संकाय में तनीषा पुत्री देवेंद्र ने 93.4 % अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान व वंशिका पुत्री मनोज ने 91 % अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### सरस्वती विद्या स्कूल का परिक्षा परिणाम 100%



**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित किया सीनियर सैकेंडरी वार्षिक परिणाम में सरस्वती विद्या मंदिर की वाणिज्य संकाय की छात्रा साक्षी कुमारी पुत्री सुनील कुमार 486 अंक (97.2 %) हासिल करके प्रथम, कला संकाय में हरमन पुत्री अमित कुमार 470 अंक (94 %) द्वितीय स्थान और सुरक्षा पुत्री शषि पहल 451 अंक (90.2 %) हासिल कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रशासक सुनील शांडिल्य ने बताया कि फरवरी 2026 में आयोजित सीनियर सैकेंडरी बोर्ड की परीक्षा में 25 विद्यार्थी उतीर्ण हुए।

### जींदः दो साइबर ठग चढ़े पुलिस के हत्थे

**जींद।** फर्जी ऑनलाइन निवेश के बहाने व स्टॉक ट्रेडिंग के नाम पर लोगों से ठगी करने के दो आरोपितों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान भिवानी जिले के गांव खरक कलां निवासी हिमांशु व मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कृष्ण के रूप में हुई है। दोनों से पुलिस ने 15-15 हजार रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय का परिणाम रहा शत प्रतिशत

# शिवानी ने 96.4% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पाया

### प्राचार्य ने निरंतर मेहनत और लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया

**छात्रों ने लहराया सफलता का परचम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय 12वीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा में इतना उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए अपने छात्रों पर बहुत गर्व महसूस करता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस उल्लेखनीय उपलब्धि में छात्रा शिवानी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कशिश ने 95.4, अंजलि ने 93.8 ने अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार और शिक्षकों को गर्वित किया बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा का स्त्रोत बने है। चार विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 35 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो उनकी शैक्षणिक क्षमता और समर्पण को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त 42 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत परिणाम हासिल कर संतोषजनक और सराहनीय प्रदर्शन किया। छात्रों ने इंग्लिश में 100, हिंदी में 99, पॉलिटिकल साइंस में 99, फिजिकल एजुकेशन में 99, ज्योग्राफी में 94, केमिस्ट्री में 99, बायोलॉजी में 99, इकनोमिक 88, अकाउंट 90 बिजनेस स्टडी में 82 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। जो इस बात का परिणाम है कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर अंजू, सविता, सुदेश शर्मा और धीरज मौजूद रहे। शिक्षकगण भी अपने विद्यार्थियों की सफलता से अत्यंत प्रसन्न नजर आए। विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर और बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय का परिणाम हर वर्ष शत-प्रतिशत रहता है, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन का प्रमाण है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत करने और उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल अंक ही नही बल्कि ज्ञान और कौशल का भी बहुत महत्व है।



जींद। मोतीलाल स्कूल में खुशी व्यक्त करते बच्चे व स्कूल स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया

इसलिए विद्यालय विद्यार्थियों को केवल परीक्षा के लिए ही नही बल्कि जीवन के लिए तैयार करता है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते कहा कि यह परिणाम उनकी मेहनत का फल है। उन्होंने बताया कि पूरे वर्ष विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास, मार्गदर्शन और प्रेरणा दी गई। शिक्षकों ने यह भी कहा कि हर विद्यार्थी में प्रतिभा होती हैए बस उसे सही दिशा और अवसर की आवश्यकता होती है। अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और कहा कि विद्यालय ने उनके बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधन और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस शानदार परिणाम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर है। विद्यालय न केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक रूप से सशक्त बना रहा है बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित कर रहा है।



## आधारशिला स्कूल के 209 में से 169 छात्रों ने मेरिट में बनाया स्थान

### निदेशिका-प्रधानाचार्य ने शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अपने शानदार जानदार परीक्षा परिणाम 2026 के साथ 12वीं की बोर्ड परीक्षा में आधारशिला के विद्यार्थियों ने पूरे जींद जिले में विजय पताका लहराया। 209 विद्यार्थियों में से 169 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना स्थान बनाया। जिनमें से 16 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से ऊपर रहें। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उर्तीर्ण होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कला संकाय में भारती ने 97.6 प्रतिशत, कर्मजीत 97 प्रतिशत, नंदिनी 96.8 प्रतिशत, कॉमर्स संकाय में अंशु ने 96.8 प्रतिशत, नॉन मेडिकल में रौनक ने 96.2 प्रतिशत व मेडिकल में महक ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के अति उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की प्रशंसा करते चैयरमेन संदीप सिहाग ने सभी छात्रों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई देतु कहा कि उनकी मेहनत का ही परिणाम है, जो आधारशिला के बच्चें बुलन्दियों को छू रहें हैं। अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि यह उनके विश्वास का परिणाम है और भविष्य में इससे और अधिक बेहतरीन परिणाम देने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ प्रतियोगी परिक्षाओं में भी आधारशिला के विद्यार्थियों का अद्भुत परिणाम रहता है। हर वर्ष जेईई, नीट आदि परीक्षाओं में भी बच्चें एम्स व देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। विद्यार्थियों की विषय संबंधी हर प्रकार की जिज्ञासा का हल यहां निकाला जाता है। विद्यार्थियों को बाहर जाकर अपना कीमती समय खराब करने की आवश्यकता नहीं है। जींद में बेहतरीन शिक्षा के लिए इसके अलावा दूसरा विकल्प नहीं है। विद्यालय की निदेशिका अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह ने छात्रों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को शुभकामनाएं देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नव दुर्गा स्कूल का परिणाम रहा शानदार

### 109 में से 65 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना स्थान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 109 विद्यार्थियों में से 65 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना स्थान बनाया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित परिणाम में दीक्षा पुत्री विनोद ने 500 में से 482 अंक प्राप्त करके प्रथम, सृष्टि पुत्री कुनाल ने 500 में से 474 अंक प्राप्त करके दूसरा, जसिक्का पुत्री विजय कुमार ने 500 में से 468 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमैन शिव नारायण व प्रधानाचार्या वृंदा शर्मा ने सभी अध्यापकों, अभिभावकों व सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। शिव नारायण शर्मा ने शानदार परीक्षा परिणाम आने का श्रेय प्रधानाचार्या वृंदा शर्मा, स्टाफ तथा विद्यार्थियों की लगन व मेहनत को दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या तथा स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों का फूलमाला डाल कर उनका स्वागत किया गया तथा इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय में लड्डू बांटे गए।



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए वृंदा शर्मा।

## वुड स्टॉक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वुड स्टॉक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में इस वर्ष शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने कठिन मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर उत्कृष्ट अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम अत्यंत प्रभावशाली और शत प्रतिशत रहा। विद्यालय का टॉपर अचिंत्य अग्रवाल ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही मोक्ष ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्रा खुशी ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अनेक विद्यार्थियों ने 90 और 80 प्रतिशतसे ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई पहचान दी। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग ने विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों का यह शानदार परिणाम विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। हमें विश्वास है कि हमारे छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करेंगे। विद्यालय के उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने कहा कि विार्थियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास का प्रतीक है। विद्यालय सदैव छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय की प्राचार्या सुकीर्ति गौतम ने कहा कि विार्थियों ने कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय के साथ यह सफलता हासिल की है। यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग का सुंदर उदाहरण है। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

**सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं का शानदार परिणाम**



जींद। वुड स्टॉक स्कूल के होनहार विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## डीएन स्कूल में होनहार सम्मानित

### 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएन मॉडल स्कूल का कक्षा 12वीं सत्र 2025-26 का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 69 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी विद्यार्थी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए। इनमें से 49 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। बोर्ड परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया था। जिसके उपलक्ष्य में बुधवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने बताया कि छात्रा पायल नरवीर ने 489 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान तथा विज्ञान संकाय में हरियाणा में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं माही ने 483 अंकों के साथ द्वितीय तथा समीक्षा ने 482 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। संगीत, कंप्यूटर साइंस, रसायन विज्ञान केमिस्ट्री विषय में विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त भौतिक विज्ञान में 96, गणित में 98, हिंदी में 97, अंग्रेजी में 98, जीव विज्ञान में 97, इतिहास में 99, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 97 तथा भूगोल में 98 अंक विद्यालय के सर्वोच्च अंक रहे। उप प्राचार्या रुचि गुप्ता ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।





जींद। बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर खुशी व्यक्त करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का 12वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद के प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने सीबीएसई 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को शानदार बताते हुए कहा कि 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को उजागर किया है। विद्यालय के प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों व समस्त स्टाफ सदस्यों को बधाई दी और परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की कॉमर्स संकाय में श्रुति ने 95.8 प्रतिशत, आरजू ने मेडिकल में 94.2 प्रतिशत व ह्यूमैनिटीज में सोहम ने 92.6 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के 27 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक, 83 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक, 177 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। डा. नीरज कुमार ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर पुरस्कार प्रदान कर व मेडल पहना कर सम्मानित किया।

## गोपाल विद्या मंदिर स्कूल का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विद्या भारती हरियाणा व हिंदू शिक्षा समिति से संबद्ध गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय जींद का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस वर्ष भी छात्रों ने सीबीएसई की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने जानकारी दी कि सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कुल 82 छात्रों में से 24 छात्रों ने मैरिट प्राप्त की है। 51 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हिमांशी जैन ने 486 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जतिन ने 479 अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और मुस्कान ने 473 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस सुअवसर पर प्रधानाचार्य ने शिक्षक व छात्र भैया. बहनों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता की खुशी सांझा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नही बल्कि शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान करना भी है और विद्यार्थियों की यह सफलता उसी उद्देश्य का परिणाम है।



### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित रिजल्ट में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

## वेदांता स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल, कलौदा खुर्द के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रिंसिपल वीना दारा ने माइक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की साइंस स्ट्रीम (मेडिकल एवं नॉन-मेडिकल) के कुल 67 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर सफलता की नई मिसाल कायम की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी, उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय की प्रिंसिपल वीना दारा ने विद्यालय के माइक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से विद्यार्थियों को परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परिणाम अत्यंत शानदार रहा है और यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्राचार्या वीना दारा ने बताया कि विद्यालय के छात्र वंश ने 92% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सिजल ने 90% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा अर्पिता ने 89% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



जींद। स्कूल प्रबंधन के साथ होनहार छात्र। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर प्रदीप नैन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। विद्यालय की चेयरपर्सन शीला देवी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा केवल अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में संस्कार, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य का आधार भी है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## छोटूराम स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव के छोटूराम स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते परचम लहराया है। मेधावी छात्रों को स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक पूनम ढांडा ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने शिरकत की। स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12 वीं की परीक्षा के परिणाम में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। 12 वीं कक्षा के 36 छात्रों में से 33 छात्रों ने मैरिट हासिल की है। 9 छात्रों ने 90 प्रतिशत से उपर अंक, 7 छात्रों ने 88 प्रतिशत से ऊपर, 5 छात्रों ने 85 प्रतिशत से उपर, 9 छात्रों ने 80 प्रतिशत से ऊपर और 3 छात्रों ने 78 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त किए हैं। 12वीं की परीक्षा में अंकित ने 468 अंक लेकर प्रथम, समीक्षा ने 466 अंक लेकर दूसरा, 464 अंक लेकर काजल और सानिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जितेंद्र ढांडा ने कहा कि मेधावी छात्रों के साथ उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों प्रदीप, प्रमोद व स्वरूप को 11 हजार रूपये देकर स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। ढांडा ने कहा कि अन्य छात्रों को भी मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए। मेधावी छात्रों को स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भी सम्मानित किया जाएगा।

**स्कूल पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत**



जुलाना। मेधावी बच्चों को सम्मानित करते स्कूल प्रशासन। फोटो :हरिभूमि

## 12वीं के परीक्षा परिणाम में छाए ओएसडीएवी स्कूल के विद्यार्थी

# वाणिज्य संकाय में नींव बजाज ने 98.2% अंक प्राप्त कर जिले में पाया द्वितीय स्थान

### विज्ञान संकाय में तान्या ने 95.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ अव्वल रहे विद्यार्थियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में उल्लास का वातावरण बन गया। बारहवीं की परीक्षा में कुल 314 में से 299 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वाणिज्य संकाय (कॉमर्स ) में तन्वी ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान और विज्ञान संकाय (साइंस) में टीजल ने 97 प्रतिशत अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तान्या ने 95.4% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा सोनाली ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय (कॉमर्स ) में नींव बजाज ने 98.2% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान,कशिश ने 97.4% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। ह्यूमैनिटीज (आर्टस) में अश्मिता ने 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, अंकिता ने 95% अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा खुशी चावला ने 94.2% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषयवार अधिकतम अंकों में अंग्रेजी विषय में 7 छात्रों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। बायोलॉजी में 1 छात्र ने, अकाउंटेंसी में 1छात्र ने, अर्थशास्त्र में 1 छात्र ने, हिंदी में 1 छात्रा ने, राजनीति शास्त्र में एक छात्र ने, समाजशास्त्र में एक छात्र ने,पेंटिंग में ,शारीरिक शिक्षा में एक छात्रा ने हिंदुस्तानी म्यूजिक वोकल में एक छात्रा ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों के साथ विद्यालय प्रबंधन एवं अध्यापकों को देते हुए बताया कि निरंतर परिश्रम और योग्य मार्गदर्शन के कारण ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने छात्रों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एमडीएन ग्लोबल स्कूल में पृथम गर्ग रहे अव्वल

कैथल। एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के कुल 130 में से 58 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया। विद्यालय के विज्ञान संकाय में छात्र पृथम गर्ग ने गणित विषय में 99 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वाणिज्य संकाय में छात्रा यशिका ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार एवं चेयरपर्सन निधि कंसल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अनुशासित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नियमित कक्षाओं, सतत मूल्यांकन, प्रेरणादायी मार्गदर्शन एवं सकारात्मक शैक्षणिक माहौल के कारण विद्यार्थी निरंतर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की समर्पित भावना एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।


कैथल। परीक्षा में अव्वल रहे एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी।

# जाट स्कूल कैथल के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

- परीक्षा में 132 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 40 विद्यार्थियों ने मेरिट पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। जाट स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल का 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। परीक्षा में कुल 132 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 40 विद्यार्थियों ने मेरिट, 68 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से और 23 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास की। विज्ञान संकाय और वाणिज्य संकाय का परिणाम शत प्रतिशत और कला संकाय का परिणाम 99.24% रहा।

कला संकाय में शीतल सुपुत्री गोपी राम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 92.6% अंकों के साथ प्रथम स्थान,सानिया सुपुत्री राममेहर 91.6% अंकों के साथ द्वितीय स्थान, प्रीति सुपुत्री सिया राम 90.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में भावना सुपुत्री सुरेंदर ने 89.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान, रवीना सुपुत्री देवेंद्र ने 88.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान, पिंकी सुपुत्री सुंदर सिंह ने 84.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अंजलि सुपुत्री दीपक ने 85.2% अंकों के साथ प्रथम स्थान, गुरू शर्मा सुपुत्र कपींद्र मोहन ने 83.0% अंकों के साथ द्वितीय स्थान, निकिता सुपुत्री ऋषि प्रकाश ने 82.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि विषयवार प्रदर्शन में रही, अंजलि सुपुत्री दीपक ने बिजनेस स्टडी विषय में 100/100 अंक, अनामिका सुपुत्री बलराम ने संस्कृत विषय में 100/100 अंक, भावना, गौरव (संस्कृत), जन्नत (शारीरिक शिक्षा), और शीतल व प्रीति (ललित कला) ने भी अपने-अपने विषयों में 99/100 अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य नरेश कुमार राणा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेरा हृदय गर्व और अत्यंत हर्ष से भरा हुआ है। उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन, कार्यकारिणी के अन्य सदस्य डॉक्टर सत्यवान माजरा , दलवीर कैरो , महावीर राविश, राजपाल गुहना ,सन्नी चौशाला, महावीर कुंडू , विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह, रजत रापड़िया, स्वतंत्र पाल सिंह व जसवीर मानस ने भी सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाइयां दी।

### आरोही मॉडल स्कूल सोंगरी का 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत

राजौंद। आरोही मॉडल स्कूल सोंगरी का कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्साहवर्धक रहा। प्राचार्या डॉ. सुनीता आहुजा ने बताया कि सत्र 2025-26 में कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों संकायों से कुल 48 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय से 12, वाणिज्य से 11 तथा कला संकाय से 25 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से कुल 22 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया, जबकि 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।विद्यालय की होनहार छात्रा महक (पुत्री विनोद) ने 500 में से 483 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय सहित अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। दूसरे स्थान पर काजल (पुत्री कृष्ण) व भावना (पुत्री संजय कुमार) ने 476 अंक प्राप्त किए, जबकि हरप्रीत कौर (पुत्री निरंजन सिंह) ने 473 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।विषयवार परिणाम भी उत्कृष्ट रहा।



कैथल। प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### आरकेएसडी स्कूल में निखिल प्रथम

कैथल। आरकेएसडी स्कूल का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कुल 269 बच्चों ने परीक्षा दी, जिनमें से 13 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। 67 बच्चों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए। 104 बच्चों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त किए। अधिकतम प्राप्तांक में गणित – 99, इंग्लिश – 96, हिंदी – 96, अकाउंट्स – 98, बिजनेस स्टडी – 97, हिस्ट्री – 96, बायोलॉजी – 98, केमिस्ट्री – 98, फिजिक्स – 95, इकोनॉमिक्स – 98, फिजिकल एजुकेशन – 93 रहे। साइंस स्ट्रीम में 95.6% अंक लेकर निखिल प्रथम रहा। कॉमर्स में 94.6% अंक लेकर अवनी प्रथम रही। आर्ट्स में 93.8% अंक लेकर संयुक्ता प्रथम रही। प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने सभी बच्चों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक समिति ने सभी छात्रों व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया।

# नितिन ने कॉमर्स संकाय में 485 तथा मुस्कान ने आर्ट्स संकाय में 492 अंक लेकर जिले में पाया अव्वल स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। खंड शिक्षा अधिकारी बिमला रानी अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुहणा के छात्र नितिन कुमार पुत्र सुनील कुमार ने कॉमर्स संकाय में 500 में से 485 अंक प्राप्त कर जिला में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली अड्डा की छात्रा मुस्कान ने आर्ट्स संकाय में 500 में से 492 अंक प्राप्त कर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आरुषि और रंजना ने 490 अंक प्राप्त करके जिले का नाम रोशन किया है।

खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार उपलब्धि संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर पूरे जिला का गौरव बढ़ाया है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और अनुशासन से जीवन में हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

चंदाना की छात्रा मुस्कान पुत्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों ने मुझे अच्छे से पढ़ाया और समय-समय पर मेरा उत्साह वर्धन करते रहे। परिवार में माता-पिता ने मेरा हौसला बढ़ाते रहे और मेरा पूरा साथ दिया, जिनकी वजह से मुझे सफलता मिली। इस मौके पर प्रिंसिपल नफे सिंह, विक्रम, सतपाल, सुरेंद्र चहल, विजेंद्र सिंह, गुलाब, महेंद्र, जोगिंदर, सतीश, दीपचंद, संजय, सुशीला, सुमेश, प्रगति, रितु, तेजपाल, फूल सिंह, सुनील, सोमप्रकाश, मोहन लाल, संदीप, बसाऊ राम आदि मौजूद रहे।


पूंडरी। स्कूल में प्रथम स्थान पर रहे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एंग्लो संस्कृत स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

पूंडरी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एंग्लो संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पूंडरी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 34 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 28 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में कोमल ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं वाणिज्य संकाय में साँची रानी ने 85.6 प्रतिशत और नॉन मेडिकल संकाय में अमन कुमार गोयल ने 78.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता केशवर, प्रबंधक कमेटी प्रधान सुदेश कुमार बंसल, मैनेजर विवेक बंसल तथा अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को बधाई दी। प्रधानाचार्या ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण ने आज सफलता का रंग दिखाया है। यह केवल शुरुआत है, भविष्य में इससे भी बड़ी सफलताएं उनका इंतजार कर रही हैं।

# न्यू टैगोर स्कूल किठाना का परिणाम सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


राजौंद। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधक व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गांव किठाना स्थित न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 56 विद्यार्थियों (मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स व आर्ट्स) में से 40 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।

मेडिकल व नॉन मेडिकल संकाय में कुल 20 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। इस संकाय में प्रीति ढांडा (पुत्री सुरेंद्र ढांडा) ने 471 अंक (94.2%) लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तरुण गिल (पुत्री राज सिंह) ने 464 अंक (92.8%) के साथ दूसरा तथा महक चहल (पुत्री कुलदीप चहल) ने 463 अंक (92.6%) लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि अधिकांश विद्यार्थियों ने बायोलॉजी सहित 6 विषयों में परीक्षा दी।

कॉमर्स संकाय में 5 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। इसमें महक राविश (पुत्री राजेंद्र) ने 436 अंक (87.2%) के साथ प्रथम, तनु जागलान (पुत्री महिपाल) ने 413 अंक (82.6%) के साथ द्वितीय तथा इंदु ढांडा (पुत्री शमशेर सिंह) ने 406 अंक (81.2%) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आर्ट्स संकाय में 15 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। इसमें नेहा जागलान (पुत्री गुरदीप सिंह) ने 455 अंक (91%) के साथ प्रथम, रवि ढांडा (पुत्र महेंद्र सिंह) ने 451 अंक (90.2%) के साथ द्वितीय तथा पायल ढांडा (पुत्री ईश्वर सिंह) ने 446 अंक (89.2%) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस शानदार परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबंधक हरपाल सिंह ढांडा, डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार तथा प्रधानाचार्य अरविंद शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये होनहार विद्यार्थी भविष्य में अपने गांव व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। साथ ही विद्यालय हमेशा उच्च स्तर के परीक्षा परिणाम देने के लिए प्रयासरत रहेगा।

### एसएस बाल सदन स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर परचम लहराया

# 48 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा जिनमें से 25 ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। एसएस बाल सदन स्कूल कैथल में 12वीं में अव्वल रहे विद्यार्थी।

हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में चन्दाना गेट स्थित एसएस बाल सदन स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर परचम लहराया। विद्यालय प्रधानाचार्य हिमांशु गर्ग ने बताया की कक्षा 12वीं में कुल 48 छात्रों ने परीक्षा दी जिसने 25 छात्रों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाने में कामयाब हुए। 16 छात्र प्रथम श्रेणी के साथ पास होने में कामयाब हुए। विद्यालय में सोना सैनी 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान ,मुस्कान के द्वारा 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और रूपल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। शानदार परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालय प्रांगण में ख़ुशी का माहौल बन गया। छात्र छात्राओं ने विद्यालय पहुंचकर अपने अध्यापकों को मिठाइयां खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय में छात्रों को फूल माला डालकर उनका ज़ोरदार स्वागत किया। ढोल की थाप पर छात्रों और अध्यापकों ने जमकर नाचकर अपनी ख़ुशियों का इज़हार किया। छात्रों ने पटाखे चलाकर अपनी ख़ुशिया ज़ाहिर की। एसएस सोसाइटी के एम.डी रविभूषण गर्ग ने कहा कि रिजल्ट का दिन छात्र और अध्यापक दोनों के जीवन में महत्वपूर्ण हैं। सोसाइटी के प्रधान राजरानी गर्ग ने भी विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम की छात्रों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी।

## न्यूज डॉयरी

### पायल 474 अंक प्राप्त कर गांव में प्रथम

पाई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सिनियर सेकेंडरी परीक्षा का परिणामों में ग्रीन वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करा है। स्कूल की छात्रा पायल पुत्री बलदेव ने 474 अंक प्राप्त कर पूरे गांव में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रिंसी सुपुत्री सोहनलाल (459/500) विज्ञान संकाय में विद्यालय में प्रथम रही l स्कूल का परीक्षा परिणाम 100% रहा l विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 23 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए तथा 52 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है।

### जीएसएसएस जडौला के छात्रों ने लहराया परचम

ढांड। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जडौला का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री देवराज ने बताया कि इस वर्ष 12वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 9 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 5 विद्यार्थियों ने स्कॉलर मेरिट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त 17 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन तथा 8 विद्यार्थियों ने सेकेंड डिवीजन हासिल की। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय लगातार बेहतर परिणाम दे रहा है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जडौला का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय स्टाफ ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

**सफलता** छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

### सभी छात्र मेरिट सूची में स्थान पाने में सफल रहे

# गौरव पब्लिक स्कूल रोहेड़ा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

- प्रधानाचार्य ने सभी होनहार विद्यार्थियों उनके अभिभावकों व अध्यापको को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


राजौंद। ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अनु कुंडू का सम्मान करते हुए

गौरव पब्लिक स्कूल, रोहेड़ा के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

विशेष बात यह रही कि केवल एक विद्यार्थी को छोड़कर सभी छात्र मेरिट सूची में स्थान पाने में सफल रहे। उपलब्धियों की इस श्रृंखला में अनु कुंडू (सुपुत्री महिपाल कुंडू) ने 98% अंक प्राप्त कर ब्लॉक में प्रथम, जिले में द्वितीय तथा राज्य स्तर पर 10वां स्थान हासिल कर ऐतिहासिक सफलता दर्ज की। इसी क्रम में तन्नू कुंडू (सुपुत्री मुकेश कुंडू) ने 97.6% अंकों के साथ ब्लॉक में दूसरा, जिले में तृतीय और राज्य में 12वां स्थान प्राप्त किया। वहीं पूजा शर्मा (सुपुत्री शमशेर) ने 96.6% अंकों के साथ तीसरा, आशी शर्मा (सुपुत्री राममेहर शर्मा) ने 96.4% अंकों के साथ चौथा तथा सेमी जागलान (सुपुत्री सुरेंद्र जागलान) ने 95.4% अंक प्राप्त कर ब्लॉक में पांचवां स्थान हासिल किया।

इस स्वर्णिम सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने सभी होनहार विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापक वर्ग को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# राजकीय वमावि कौल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय प्राचार्य डॉ. देवीन्द्र कुमार ने नॉन-मेडिकल संकाय में छात्रा कुमारी तोशमीन सागवाल ने 500 में से 463 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा दीक्षांत ने 500 में से 454 अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा छात्रा तमन्ना ने 500 में से 440 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. देवीन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग तथा अध्यापकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का प्रयास करता रहेगा।


ढांडद्। विद्यार्थियों को खेल किट प्रदान करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## सफाई कर्मचारियों को दो दिवसीय हड़ताल 15 से

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा की रोहतक में हुई राज्य स्तरीय कार्यकर्ता मीटिंग में 15 और 16 मई को 2 दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ता मीटिंग की अध्यक्षता राज्य प्रधान बसाऊराम ने की तथा संचालन उपमहासचिव देवीराम में किया। बैठक की जानकारी देते हुए जींद जिला प्रधान गुलाब बिरौली, सचिव पवन कुमार, प्रवीण हथवाला ने इसकी जानकारी दी। जिला नेतृत्व ने हरियाणा सरकार की आमजन और कर्मचारी विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार बात अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के उत्थान की करती है।

## आभूषण चोरी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र में एक मकान से चोरी करने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के एसआई हरपाल सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी चीका के शाहाबाद जिला कुरुक्षेत्र निवासी विकास उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वार्ड नं 4 चीका निवासी एक महिला दानी देवी की शिकायत अनुसार वह कुछ दिनों के लिए मायके गई हुई थी। 8 अगस्त को जब वह घर आई तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला।

## रसीना व डुलयाणी में खेतों से तार चोरी

**कैथल।** जिले के गांव रसीना और डुलयाणी के खेतों से चोर हजारों रुपये का सामान चुराकर फरार हो गए। रसीना के किसान दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच मई को चोर खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर 100 फुट सबमर्सिबल की तार चोरी कर ले गए। वहीं डुलयाणी गांव निवासी सुमित ने शिकायत दी कि 12 मई को खेत में बने कमरे से 400 फुट सबमर्सिबल तार, तीन कट्टे खाद, दो पानी की पाइप और स्टार्टर का कंट्रोल चोरी कर लिया गया।

## एडीआर सेंटर में आंगनवाड़ी कर्मियों के लिए हुई वर्कशॉप

**जींद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार एडीआर सेंटर में आंगनबाड़ी व हेल्प कर्मियों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग ने की। प्राधिकरण सचिव ने उपस्थित जनों को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने समाधान समारोह विशेष लोक अदालत 2026 नामक राष्ट्रीय व्यापी अभियान शुरू किया है। यह विशेष पहल 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 21ए 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के साथ अपने चरम पर पहुंचेगी।

## मंडियों में हुई आठ लाख 29 हजार 745 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**जींद।** जिले की विभिन्न अनाज मंडियों एवं खरीद केंद्रों में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। गत दिवस तक जिले में कुल आठ लाख 29 हजार 745 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। जबकि खरीदे गए गेहूं में से सात लाख 18 हजार 21 मीट्रिक टन गेहूं का सफलतापूर्वक उठान किया जा चुका हैए जो कुल खरीद का 86 प्रतिशत है। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गेहूं खरीद व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

## प्राचीन पांडुलिपि और अभिलेखों को किया जा रहा संरक्षित : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सरकार द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन के तहत प्राचीन ऐतिहासिक धार्मिक एवं किसी भी अन्य प्रकार की प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों, अभिलेखों को लेकर सर्वे करवाया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपि विरासत का संरक्षण और दस्तावेजीकरण करना है। आमजन से अपील है कि किसी के पास कोई 75 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपि या अभिलेख हो तो उसकी सूचना प्रशासन को दें।

### शहर की सड़कों पर हजारों टन कचरा जमा, लोगों का धैर्य दे रहा जवाब

# लंबित मांगों को लेकर दमकल व सफाई कर्मचारियों ने फूंके पुतले

**सरकार पर हितों की अनदेखी करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद






**जींद।** में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी। व जुलाना में सीएम का पुतला फूंकते हुए कर्मचारी।

जिलाभर में लंबित मांगों को लेकर चल रही सफाई व दमकल कर्मचारियों बुधवार को शहर में विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जींद, जुलाना व उचाना में कर्मियों ने सरकार के पुतले फूंके। सकसं जिला प्रधान संजीव ढांडा ने कहा कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारी और फायर ब्रिगेड कर्मचारी लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं लेकिन सरकार इनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नही दे रही है। सोहनलाल व बिजेंद्र ने कहा कि जिलाभर में सफाई कर्मचारी काम नही कर रहे हैं। लगातार मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। परंतु सरकार उनकी मांगों पर कोई संज्ञान नही ले रही है। उधर, नगर पालिका उचाना कार्यालय में एकत्रित होने के बाद लितानी रोड, अनाज मंडी के रास्ते रेलवे रोड से होते हुए दिल्ली-पटियाला नेशनल हाइवे पर पहुंचे। यहां सरकार का पुतला फूंक कर रोष प्रकट किया। दमकल विभाग के कर्मचारी पिछले 37 दिन व सफाई कर्मचारी 13 दिन से धरने पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार की ओर से उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर निरंतर धरना दे रहे है। जब तक मांगे पूरी नहीं होती धरना जारी रहेगा। इस बार किसी झूठे आश्वासन पर कर्मचारी अपनी हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। पहले कई बार झूठे आश्वास दिए गए लेकिन इस बार किसी झूठे आश्वासन के बहकावे में कर्मचारी नहीं आएंगे। कर्मचारियों न डरेंगे न झूकेंगे क्योंकि वो अपने हक की लड़ाई लड़ रहे है। उधर, जुलाना कस्बे के नगरपालिका कार्यालय में सफाई कर्मचारियों का धरना बुधवार को लगातार 17वें दिन भी जारी रहा। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने जुलाना के मुख्य बाजार में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कर्मचारियों ने पुराने बस स्टैंड पर मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। धरने को संबोधित करते हुए मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने कहा कि पिछले



**उचाना।** में सरकार का पुतला फूंकते कर्मचारी।

17 दिनों से नगरपालिका के सफाई कर्मचारी लगातार हड़ताल पर बैठे हैं लेकिन सरकार और प्रशासन की ओर से अभी तक उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांग कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की है। जब तक कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता तब तक उन्हें न्यूनतम 30 हजार रुपये वेतन दिया जाए। इसके अलावा ठेका प्रथा को बंद किया जाए और एक्सग्रेशिया की नीति को बहाल किया जाए।

## तहसील कार्यालय में आंगनबाड़ी वर्करों ने किया धरना-प्रदर्शन



**जुलाना।** कस्बे के तहसील कार्यालय परिसर में बुधवार को आंगनबाड़ी वर्करों एवं हेल्परों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। धरने में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर मौजूद रही। यूनियन की प्रदेश सचिव राजबाला ने कहा कि सरकार लगातार आंगनबाड़ी कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर वर्षों से बच्चों व महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सेवाएं ईमानदारी से दे रही हैं लेकिन इसके बावजूद उन्हें उनका उचित अधिकार नहीं मिल रहा। राजबाला ने कहा कि सरकार को आंगनबाड़ी वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्ले स्कूल की तर्ज पर बच्चों को शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है।

## इनेलो ने किया सफाई कर्मियों की हड़ताल का पूर्ण समर्थन



**कलायत।** में बुधवार को नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को इनेलो द्वारा समर्थन दिया गया। इनेलो किसान सैल जिला अध्यक्ष सलिंद्र प्रताप राणा की अगुवाई में हलका प्रभारी मोनी बालू, राजबीर ढुल, जंगा राम वाल्मीकि व दूसरे पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे। सलिंद्र प्रताप राणा ने कहा कि इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के निर्देश पर सफाई कर्मचारियों के संघर्ष को सफल बनाने का निर्णय पार्टी द्वारा लिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने व इनकी तमाम मांगों को पूरा करने का वायदा किया था। जब सरकार अपनी बात से मुकर गई तो कर्मचारियों को विवशता के कारण हड़ताल पर जाना पड़ा। हड़ताल के चलते प्रदेश भर में शहरों की सफाई व्यवस्था चौपट है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और लोगों का जीना मुहाल बना है। इस स्थिति के लिए सीधे तौर से सरकार जिम्मेवार है। युवा नेता मोनी बालू व राजबीर ढुल ने कहा कि एक तरफ सरकार स्वच्छता का दावा करती है दूसरी तरफ सफाई कर्मचारियों के हितों को दरकिनार किया जा रहा है।

# वाल्मीकि भवन व छात्रावास से शिक्षा व सामाजिक एकता को मिलेगा बढ़ावा: ईशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



**अलेवा।** ग्राम पंचायत खांडा भूमि आवंटन का नकल प्रस्ताव महासभा को सौंपती हुई।

गांव खांडा में वाल्मीकि समाज के सर्वांगीण विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक भव्य किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत खांडा ने समाज की मांग को स्वीकार करते हुए लगभग 2800 वर्ग गज बेशकीमती भूमि आवंटित की है। सरपंच ईजा देवी ने कहा कि इससे शिक्षा और सामाजिक एकता को बढावा मिलेगा। हरियाणा वाल्मीकि महासभा के जिला प्रधान संजीव वैद बधाना ने बताया कि क्षेत्र में समाज की महत्वपूर्ण बैठकों, सामाजिक गतिविधियों और विशेष रूप से निर्धन व मेधावी छात्रों की सहायता के लिए एक गरिमापूर्ण स्थान की लंबे समय से आवश्यकता थी। इस भवन एवं छात्रावास के बनने से युवाओं के उज्जवल भविष्य की राह प्रशस्त होगी। जिला प्रधान संजीव वैद बधाना ने बताया कि ग्राम पंचायत खांडा ने जनहित और समाज की मूलभूत जरूरतों को समझते हुए भूमि आवंटन का नकल प्रस्ताव महासभा को सौंप दिया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए हरियाणा वाल्मीकि महासभा और समस्त वाल्मीकि समाज खांडा ग्राम पंचायत का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता है। जल्दी ही हरियाणा वाल्मीकि महासभा की बड़ी मीटिंग बुला कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी एवं हलका विधायक देवेंद्र चतर्भुज अत्री से मिला जाएगा और ग्रांट की मांग की जाएगी और पालवा उचाना की तर्ज पर इसको भी भव्य वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास बनाया जाएगा।

## चंदाना में युवक को दी जान से मारने की धमकी

**कैथल।** शहर के चंदाना गेट क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। घायल ने पुलिस को शिकायत दी। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में चंदाना गेट कैथल के साजन ने बताया कि 6 मई की रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्तों निशांत उर्फ कालू निवासी अर्जुन नगर और हिमांशु शर्मा निवासी रजनी कॉलोनी के साथ पिन्नी परचून की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान चंदाना गेट निवासी सन्नी वहां आया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने का कारण पूछा तो सन्नी ने अपने साथी ज्योति, मनसा और वरुण निवासी रामनगर को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि ज्योति के हाथ में डंडा था, जिससे उसने उसके सिर और दाहिने पैर पर वार किया। साजन ने बताया कि जब उसने बचाव के लिए शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और उसे आरोपियों से छुड़वाया। बाद में आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# जनता ने निकाय चुनावों में भाजपा के सुशासन पर लगाई मोहर: हजवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** गांव मयोली में ग्रामीणों के साथ मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना।

प्रदेश की जनता ने नगर निकाय चुनाव में लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया है तीनों नगर निगम व नगर पालिकाओं के चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों ने रिकॉर्ड तोड़ जीत हासिल की है यह विचार भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना ने गांव म्योली में मंडल उपाध्यक्ष चंद्रभान गुर्जर के निवास स्थान पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक के दौरान व्यक्त किए उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त लहर चल रही है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता को पूरा विश्वास व भरोसा है। हाल में पश्चिम बंगाल के चुनावो में जनता ने भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन दिया है। देश के अनेक राज्यों में भाजपा की लगातार तीसरी चौथी बार सरकारें बन रही है। देश की जनता ने विपक्ष के विघटनकारी व नकारात्मक राजनीति को रिजेक्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार चल रही है और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता से किया हर वायदे को पूरा करने का काम किया है। प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी 90 हल्को का समान रूप से विकास किया है। हर विधानसभा में क्षेत्रवाद व जातिगत भेदभाव के बिना गांव का शहरों की तर्ज पर सरकारी ग्रांट प्रदान की है। आज उसी का परिणाम है कि जनता एक तरफा भाजपा को अपना समर्थन में आशीर्वाद दे रही है।

## गाड़ी में डोडा पोस्त तस्करी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा आई 20 गाड़ी में डोडा पोस्त तस्करी कर रहे 2 आरोपियों को 30 किलो 60 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम को गश्त दौरान गांव प्यौदा के पास प्यौदा- हरसौला चौंक नेशनल हाईवे 152 पर मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई की गांव चिंदर जिला फतेहबाद निवासी चंद्रपाल व गांव भोडिया जिला हिसार निवासी कपिल देव आई-20 गाड़ी में नशीला पदार्थ डोडा पोस्त लेकर नेशनल हाईवे 152 कलायत की तरफ से अम्बाला की तरफ जाएगे। जिन्हे उक्त स्थान पर




नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तुरंत प्यौदा- हरसौला चौंक नेशनल हाईवे 152 के पास नाकाबंदी शुरू की गई। कुछ देर बाद बाद सूचना अनुसार नंबर की आई20 गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसे पुलिस टीम ने रुकने का ईशारा किया तो संदिग्ध गाड़ी को मोड़कर भागने लगे जिन्हें पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही काबु कर लिया गया।

## किशोरी की वीडियो इंस्टाग्राम पर डालने का आरोपी काबू

**कैथल।** पुलिस ने कलायत थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड व वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में डालने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले युवक ने चुपके से लड़की की फोटो और वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाल दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की और किसी को बताने पर अपहरण करवाने की धमकी दी। शिकायत में बताया कि पड़ोस में रहने वाला मोनू पहले से ही रास्ते में आते-जाते उसके साथ छेड़खानी करता था। 12 मई को आरोपी ने उसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। नाबालिग का कहना है कि आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि उसने यह बात किसी को बताई तो उसका अपहरण करवा दिया जाएगा।

## जिंदल मोबाइल मेडिकल युनिट ने कलायत में दी स्वास्थ्य सेवाएं

**कलायत।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल युनिट कलायत विधानसभा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मजबूत कड़ी साबित हो रही है। बुधवार को मोबाइल मेडिकल वैन वार्ड नंबर 12 में पहुंची। कैथल जिंदल हाउस प्रभारी रवींद्र धीमान की अगुवाई में पहुंची टीम का पार्षद अमित वाल्मीकि की अध्यक्षता में विक्रम प्रजापति, सत्यवान सिंह, मोनू प्रजापति, ममता शर्मा, राजेंद्र सिंणद, नरेश साहसी व वार्ड कमेटी ने लोगों ने पुरजोर स्वागत किया। इस दौरान डा. बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने बड़ी संख्या में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। रोगियों को निःशुल्क दवा दी गई। लैब टेस्ट भी किए गए। शुरूआती चरण में वार्ड के 51 लोगों ने स्वास्थ्य जांच के लिए पंजीकरण करवाया। उपरांत देखते ही देखते स्वास्थ्य जांच करवाने वालों की तादाद बढ़ती गई। जिंदल हाउस प्रभारी रविंद्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल हर स्तर पर महिला, युवा, बुजुर्ग और किसान सभी वर्गों के हित में कार्य कर रहे हैं।



## बेटियां परिवार की शान, रक्षा करना सबका दायित्व : कविता



**जींद।** गांव बख्ताखेड़ा में घटते लिंगानुपात को सुधारने तथा बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को बेटियों के महत्व, कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम तथा समाज में बेटियों को समान अधिकार देने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि बेटियां परिवार और समाज की शान हैं तथा उनका सम्मान और संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। साथ ही यह भी आह्वान किया गया कि लिंगानुपात सुधारने के लिए अब इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा और गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जाएगाए ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता कविता, संतोष एवं अनिल लाठर ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है।

**बैठक** पिल्लूखेड़ा व उचाना के सरपंच व ग्राम सचिव को बीडीपीओ हाल में दिया प्रशिक्षण

**ग्राम पंचायत को एडवांस में दिया जाएगा एस्टिमेट का चौथा हिस्सा**

# पेयजल प्रबंधन व रखरखाव की नीति को ग्राम सभा में करवाए पास : बीडीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रणधीर मताना। फोटो : हरिभूमि

बीडीपीओ पिल्लूखेड़ा प्रवीन कुमार ने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति से संबंधित बनाई गई रखरखाव व प्रबंधन की नई नीति को सभी सरपंच व पंचायत सचिव शीघ्र आयोजित होने वाली स्पैशल ग्राम सभा में रखें और इसे पास करवा कर इस योजना में ग्रामीणों की सहभागिता को सुनिश्चित करे। प्रवीन कुमान पिल्लूखेड़ा के सरपंच व ग्राम सचिव के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे। रणधीर मताना ने कहा कि पेयजल आपूर्ति की नई प्रबंधन व रखरखाव नीति के तहत सभी गांव में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा की सहमति पर ही ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति व विभाग के द्वारा इस नीति के लिए तैयार किए गए सांझा घोषणा पत्र पर तीनों पक्षों के साइन होगें। इस पॉलिसी में गांव अनुसार तैयार किए गए अस्टीमेट का चौथा हिस्सा ग्राम पंचायत को एडवांस में ही दे दिया जाएगा। जिससे वे इस पॉलिसी के तहत पाइप लाइन लिकेज, अस्वच्छ कनैक्शन, मोटर ठीक करवाना सहित बिजली से संबंधित सभी कार्य करवा सकेंगे। ग्राम पंचायत द्वारा इंडियन बैक में खाता खुलवाया जाएगा। जिसमें सवयं सहायता समूह की महिला द्वारा गांव में एकत्रित किए गए पेयजल बिल की राशि को जमा करवाया जाएगा। विभाग द्वारा भी गांव में एकत्रित राशि के बराबर राशि ग्राम पंचायत को दी जाएगी। उपमंडल अभियंता राकेश शर्मा ने कहा कि विभाग हर घर तक जल पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है।

**सरपंचों को नीति की दी जानकारी**

*उन्होंने कहा कि विभाग हर तरह से ग्राम पंचायत के साथ मिल कर इस योजना को क्रियांवयत करवाएंगें। दूसरी तरफ उचाना में उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह, कनिष्ठ अभियंता गोविंद गोयल, विनय कुमार, सुनील कुमार व खंड समन्वयक कुशल शर्मा ने सरपंचों को नई नीति के बारे में बताया।*

## तीन किलो के खरबूजों ने जिले में स्थापित किया कीर्तिमान



**सीवन।** सीवन क्षेत्र के प्रगतिशील किसान अंतरजीत सिंह ने इस बार अपने खेत में खरबूजे की बेहतरीन पैदावार लेकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनके खेत में इस सीजन तीन-तीन किलोग्राम तक के खरबूजे तैयार हुए हैं, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। दूर-दूर से किसान और व्यापारी उनके खेत में पहुंचकर खरबूजों की गुणवत्ता और आकार को देखने आ रहे हैं। अंतरजीत सिंह ने बताया कि इस बार उन्होंने अपने खेत में गोल्डन ग्लोरी किस्म के खरबूजों की खेती की है। उन्होंने कुल 17 एकड़ भूमि में खरबूजे की फसल लगाई हुई है। मौसम की अनुकूलता, आधुनिक खेती तकनीकों और बेहतर देखरेख के कारण इस बार फसल की गुणवत्ता काफी अच्छी रही है। खेत में तैयार हो रहे बड़े आकार के खरबूजे किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वे भारी और अच्छी गुणवत्ता वाले खरबूजों की पैदावार ले चुके हैं, लेकिन इस बार फसल और भी बेहतर निकली है। खेत से निकल रहे खरबूजों का स्वाद और मिठास भी काफी अच्छी है, जिसके चलते व्यापारी सीधे खेतों से माल खरीदकर ले जा रहे हैं। अंतरजीत सिंह ने बताया कि उनके खेत से खरबूजे उत्तर प्रदेश और दिल्ली की मंडियों में भेजे जा रहे हैं। हालांकि इस बार खरबूजे का बाजार भाव पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कम है। वर्तमान में उनका खरबूजा 10 से 11 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। इसके बावजूद अच्छी पैदावार होने से उन्हें फसल से संतोषजनक आय की उम्मीद है।